खरना के साथ छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू



अरवल। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन शनिवार को खरना का पर्व पूरी श्रद्धा, भक्ति और पवित्रता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छठ व्रतियों ने स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और पूरे विधि-विधान से भगवान सूर्य एवं छठी मैया की पूजा-अर्चना की। खरना के साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। इस अवसर पर मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़ की खीर, रोटी सहित विभिन्न पारंपरिक प्रसाद तैयार किए गए। पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने छठी मैया को प्रसाद अर्पित कर खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। खरना को लेकर जिलेभर के घरों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे, जबकि सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।

छठ के दौरान बेलसार सूर्य मंदिर के समीप सड़क हादसा

वाहन के नीचे दबकर युवक गंभीर रूप से घायल

कलेर, अरवल। छठ पूजा के दौरान बेलसार सूर्य मंदिर के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद युवक चारपहिया वाहन के नीचे दब गया। स्थानीय ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे वाहन के नीचे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाने में मदद की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलसार नरक बीघा गांव निवासी सिकंदर चौधरी (26 वर्ष), पिता भिखर चौधरी, छठ पूजा के अवसर पर सोन नहर में स्नान करने के बाद सड़क किनारे दंडवत दे रहा था। इसी दौरान बेलसार बाजार की ओर से बेलसार गांव जा रही अर्टिगा कार उसके ऊपर चढ़ गई। वाहन का पहिया युवक के पेट के ऊपर चढ़ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मेहंदिया थाना की डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से घायल युवक को वाहन के नीचे से निकालकर कलेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि घटना के बाद ग्रामीणों ने वाहन और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

छठ पूजा को लेकर डीएम और एसपी ने की संयुक्त ब्रीफिंग

अधिकारियों को सतर्क रहने का दिया निर्देश

अरवल। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव की संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस दौरान विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को



लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्धारित स्थलों पर समय से पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रमुख घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग तथा सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

धान अधिप्राप्ति को लेकर दक्षिणी कलेर पैक्स कार्यकारिणी की बैठक

2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित हुआ साधारण धान का मूल्य

कलेर, अरवल। पंचायत दक्षिणी कलेर स्थित पैक्स गोदाम परिसर में शनिवार को खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर पैक्स कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पैक्स अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह ने की। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य सह कलेर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष



ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित सदस्यों से धान खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सरकार द्वारा साधारण धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान का मूल्य 2461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीद की जाएगी। इसमें रैयत किसानों से अधिकतम 250 क्विंटल तथा गैर रैयत किसानों से अधिकतम 100 क्विंटल धान खरीदने का प्रावधान है। बैठक के दौरान पैक्स सदस्यों ने धान खरीद में इस्तेमाल होने वाले बोरों की कीमत को लेकर भी अपनी चिंता जाहिर की। सदस्यों का कहना था कि सरकार की ओर से प्रति क्विंटल धान पर बोरे के मद में मात्र 25 रुपये का भुगतान किया जाता है, जो वर्तमान खर्च के हिसाब से काफी कम है। उन्होंने सरकार से बोरे की कीमत में वृद्धि करने पर विचार करने की मांग की। बैठक में पैक्स प्रबंधक जयरंजन कुमार सिंह, ब्रजेंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, नवीन कुमार सिंह, जितेंद्र यादव, जितेंद्र चौधरी, देवनती देवी, मुंशी रणधीर कुमार सिंह, निखिल कुमार सिंह, धनेश कुमार सिंह सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

मधुश्रवां धाम में माता सुकन्या से जुड़ी है छठ पूजा की प्राचीन परंपरा

- मृत्युंजय कुमार -

अरवल। जिले के कलेर प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल मधुश्रवां धाम का महत्व केवल भगवान शिव की आराधना तक सीमित नहीं है, बल्कि इस पावन भूमि का संबंध छठ

महर्षि च्यवन की तपोभूमि पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

पूजा की प्राचीन परंपराओं और पौराणिक मान्यताओं से भी जुड़ा हुआ है। स्थानीय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मधुश्रवां धाम में माता सुकन्या द्वारा भगवान सूर्य की उपासना किए जाने से यहां छठ पूजा की परंपरा प्रारंभ हुई थी। इस संबंध में स्थानीय आचार्य कुंदन पाठक ने बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार मधुश्रवां क्षेत्र को महर्षि च्यवन की तपोभूमि माना जाता है। मान्यता है कि महर्षि च्यवन ने इसी क्षेत्र में तपस्या की थी। उनका विवाह राजा शर्याति की पुत्री सुकन्या से हुआ था। धार्मिक ग्रंथों में वर्णित कथा के अनुसार सुकन्या अपने पति महर्षि च्यवन के प्रति अत्यंत समर्पित और पतिव्रता थीं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने पति की सेवा और आराधना को जीवन का उद्देश्य बनाया था। अश्विनी कुमारों की कृपा से महर्षि च्यवन को पुनः युवा अवस्था प्राप्त हुई थी। स्थानीय जनश्रुतियों में माता सुकन्या की तपस्या और भगवान सूर्य की आराधना का विशेष उल्लेख मिलता है। इसी कारण मधुश्रवां धाम में छठ पूजा को प्राचीन



धार्मिक परंपरा के रूप में देखा जाता है। इस स्थल की धार्मिक पहचान महर्षि च्यवन, माता सुकन्या और भगवान मधेश्वरनाथ की परंपरा से जुड़ी हुई है। छठ महापर्व प्रकृति, सूर्य और जल के प्रति आभार प्रकट करने का पर्व है। इसमें व्रती अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल की कामना करते हैं। मधुश्रवां धाम में भी इसी परंपरा के अनुसार श्रद्धालु पवित्र सरोवर और घाट पर पहुंचकर भगवान भास्कर की आराधना करते हैं। यहां छठ पूजा के अवसर पर आसपास के गांवों के साथ-साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर मधुश्रवां धाम में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। आज व्रती अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। वहीं सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। इसे लेकर मंदिर परिसर और छठ घाट पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन एवं सामाजिक सेवकों की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए आने-जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है। छठ पूजा के दौरान निर्धारित क्षेत्र में छोटी और बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसका उद्देश्य घाट पर भीड़ को नियंत्रित करना और श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। दूर-दराज से आने वाले भक्तों के ठहरने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। छठ महापर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही मेडिकल टीम को भी तैयार रखा गया है, ताकि किसी श्रद्धालु की तबीयत खराब होने या आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। सामाजिक सेवकों की ओर से भी स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। ये स्वयंसेवक श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारी देने, व्रतियों को घाट तक पहुंचाने और भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन का सहयोग करेंगे। घाट और मंदिर परिसर में भीड़ का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी

अस्ताचलगामी सूर्य को आज अर्घ्य देंगे व्रती

रखी जाएगी। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें, प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन लेकर प्रवेश नहीं करें तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। मधुश्रवां धाम की पौराणिक मान्यताओं और धार्मिक आस्था के बीच इस बार भी छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की तैयारी की गई है।

पूर्व रेलवे

निविदा संख्या: EL-MLDT-E-Tender-488, दिनांक: 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर-झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा संख्या: EL-MLDT-E-Tender-488। कार्य का नाम: कैरिज एवं वैगन विभाग के अंतर्गत वाराह, मालदा स्थित ओपीडी ब्लॉक के उन्नयन एवं नवीनीकरण तथा शयनशाला (डॉर्मिटरी) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य। निविदा का अनुमानित मूल्य: ₹ 46,27,305.68; धरोहर राशि: ₹ 92,600.00; निविदा दस्तावेज का शुल्क: शून्य; ई-निविदा जमा करने की अवधि: 18.11.2026 से 02.12.2026 को 15:30 बजे तक। वेबसाइट एवं सूचना पट्ट का विवरण:- वेबसाइट: www.ireps.gov.in, सूचना पट्ट: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/पूर्व रेलवे/कार्यालय/मालदा टाउन। सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत निविदा सूचना एवं संबंधित दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें। किसी भी परिस्थिति में हस्तचालित अथवा ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। MLD-248/2026-27

निविदा सूचना निम्नलिखित वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है: www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें लाइक करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

सूचना संख्या: Sig_W_5_Policy, दिनांक 10.11.2026। वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, कार्यालय भवन, डाकघर- झालझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: (i) ई-निविदा संख्या: MLDT_SNT_26-27_25_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नाम: (i)(A) अमृत भारत योजना के अंतर्गत जमालपुर, मुंगेर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/जमालपुर)। (B) अमृत भारत योजना के अंतर्गत साहिबगंज एवं शिवनारायणपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/साहिबगंज)। (C) अमृत भारत योजना के अंतर्गत सबौर, कहलगांव, बांका एवं गोड्डा स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/भागलपुर)। (D) अमृत भारत योजना के अंतर्गत मालदा टाउन स्टेशन के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/मालदा टाउन)। (E) अमृत भारत योजना के अंतर्गत न्यू फरक्का, धूलियान गंगा एवं जंगीपुर स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन (चरण-I) के शेष कार्य (AEN/ न्यू फरक्का)। (F) वरिष्ठ मंडल अभियंता/2 के अधीन बांका एवं हंसडीहा में फुट ओवर ब्रिज (FOB) शेड का प्रावधान तथा मौजूदा स्टील संरचनाओं जैसे लिफ्ट, एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज (FOB), प्लेटफॉर्म शेड आदि का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन। निविदा की अनुमानित लागत: ₹ 4,36,96,943.12; धरोहर राशि: ₹ 8,73,900.00; (ii) ई-निविदा संख्या: MLDT_SNT_26-27_30_OT, दिनांक 10.11.2026। कार्य का नाम: मालदा मंडल के रायपुर, सबौर, लैलख मयलखा, घोघा, एकचारी, कहलगांव, न्यू फरक्का एवं बल्लालपुर (एमके-II) स्टेशनों पर स्थापित WESTRACE-VLM6 (सीमेंस निर्मित) आधारित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली के लिए OEM/अधिकृत डीलर के माध्यम से 03 (तीन) वर्षों की व्यापक वार्षिक रखरखाव संविदा (CAMC), खुली निविदा के आधार पर। निविदा की अनुमानित लागत: ₹ 1,98,23,040.00; धरोहर राशि: ₹ 3,96,500.00; ई-निविदा जमा करने की तिथि एवं समय: दिनांक 16.11.2026 से 02.12.2026 को 11:00 बजे तक (दोनों निविदाओं के लिए)। वेबसाइट एवं सूचना पट्ट:- वेबसाइट: www.ireps.gov.in सूचना पट्ट: वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक भवन, मालदा। MLD-249/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है: www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in

हमें फॉलो करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

छठ घाट पर अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरुकता अभियान

कुर्था, अरवल। लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा को लेकर शनिवार को स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन सूर्य मंदिर घाट पर अग्निशमन विभाग की ओर से विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घाट पर मौजूद व्रतियों, श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को आग से बचाव तथा आपातकालीन

व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को अग्नि सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

परिस्थितियों में सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। बताया जाता है कि जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी के निर्देशानुसार छठ महापर्व को देखते हुए जिलेभर में विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कुर्था के प्राचीन सूर्य मंदिर घाट पर अग्निशमन कर्मियों ने लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान कर्मियों ने बताया कि छठ पूजा



के अवसर पर घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। ऐसे में आग से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। पूजा सामग्री, दीपक, अगरबत्ती एवं अस्थायी दुकानों के आसपास आग से संबंधित सावधानियां बरतने की अपील की गई। साथ ही बिजली के तारों एवं अस्थायी विद्युत कनेक्शन से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने लोगों को बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें और स्वयं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं। इसके अलावा अग्निशमन उपकरणों के उपयोग तथा प्राथमिक बचाव के तरीकों की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर अग्निशमन विभाग की महिला कांस्टेबल पूजा कुमारी, कांस्टेबल विशाल चंद्रा, चालक शिवशंकर कुमार सहित विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

मृतक स्वर्ण व्यवसायी के परिजनों से मिले मगध रेंज के आईजी विकास वैभव

मनोज स्वर्णकार हत्याकांड का जल्द होगा खुलासा, एसआईटी लगातार कर रही है मामले की जांच

कुर्था, अरवल। स्थानीय थाना क्षेत्र में हुए स्वर्ण व्यवसायी मनोज स्वर्णकार हत्याकांड का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हत्याकांड के उद्भेदन के लिए गठित एसआईटी की टीम विभिन्न बिंदुओं पर लगातार अनुसंधान में जुटी हुई है। उम्मीद है कि जल्द ही इस हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली जाएगी। उक्त बातें शनिवार को कुर्था पहुंचीं मगध रेंज के आईजी विकास वैभव ने कहीं। आईजी हत्याकांड की जांच की प्रगति का जायजा लेने और मृतक के परिजनों से मुलाकात करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने परिजनों से बातचीत कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली तथा उन्हें निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए आईजी ने बताया कि मृतक के परिजनों से घटना के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली गई है। साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक



अधिकारियों से भी मामले में अब तक हुई कार्रवाई और अनुसंधान की प्रगति के संबंध में जानकारी ली जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनोज स्वर्णकार की हत्या लूटपाट की घटना नहीं थी, बल्कि उन्हें गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया था। मामले के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया है, जो सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच कर रही है। आईजी ने भरोसा जताया कि पुलिस का अनुसंधान सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर इसमें शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आईजी के इस आश्वासन के बाद मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में न्याय मिलने तथा हत्याकांड के शीघ्र उद्भेदन की उम्मीद जगी है।

एसडीपीओ के जनता दरबार में सुनी गईं आमजनों की शिकायतें

फरियादियों की समस्याओं के निष्पादन को लेकर एसडीपीओ सख्त कहा, प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर करें निष्पादन

अरवल। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस-जन संवाद को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे



फरियादियों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं जनसरोकार से जुड़े मामलों को अधिकारियों के समक्ष रखा। एसडीपीओ ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी मामलों में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसडीपीओ ने निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन किया जाए तथा मामलों की नियमित निगरानी भी की जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराना और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत करना प्राथमिकता है। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस एवं आमजन के बीच संवाद को और प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

S.K.M.R.D.B. INTER COLLEGE
Bhalui, Vaishali, Code-33409/33039

पत्रांक-22 दिनांक 13.11.26

(बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्चतर माध्यमिक द्वारा अनुशंसित)

नियुक्ति विज्ञप्ति संख्या-01

निम्नलिखित पदों पर अस्थायी बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित हैं- शिक्षक/व्याख्याता :- जन्तु विज्ञान एक पद, वनस्पति विज्ञान-एक, रसायन विज्ञान-एक, हिन्दी प्रथम एवं द्वितीय, उर्दू-एक, तर्कशास्त्र एक, समाज शास्त्र-एक, इतिहास द्वितीय पद-एक, संगीत-एक, कम्प्यूटर साइंस-एक, कुल पद-11, शिक्षकेत्तरकर्मी :- पुस्तकालय अध्यक्ष-एक पद, कार्यालय सहायक-चार पद, आदेशपाल-पांच, कुल-(10 पद), योग्यता: शिक्षक/व्याख्याता पदों के लिए उक्त विषय में स्नातकोत्तर पचपन प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है। साथ ही साथ बी.एड/एमएड/कम्प्यूटर साइंस के लिए MCA पास होना चाहिए। पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए B.LIS अथवा M.LIS अनिवार्य। कार्यालय सहायक के लिए स्नातक अनिवार्य तथा आदेशपाल के लिए इन्टर पास होना अनिवार्य है।

नोट : उपरोक्त सभी पदों के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ आवेदन विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में स्वयं अथवा प्राचार्य के पास जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के बाद कोई यात्रा भत्ता देय नहीं है। किसी भी जानकारी के लिए प्राचार्य के मोबाइल नंबर 9801102893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य

वर्गीकृत

नाम परिवर्तन

मैं, शादत शेख, पिता-मोजीब शेख, निवासी-नाजीरगंज, पो0-मठीला, थाना-कोरान सराय, जिला-बक्सर का निवासी हूँ, शपथ पत्र सं.-3795, दिनांक 10.11.2026 के अनुसार शहादत शेख के नाम से जाना जाऊँगा।

खोया-पाया

मैं, गौरी शंकर, पिता-स्व0 भागवान दास, निवासी-शहीद गेट डुमरॉव, पो0-थाना-डुमरॉव, जिला-बक्सर, राज्य, बिहार का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार सं.-325991453281 है। आज से लगभग दो माह पूर्व घर से बक्सर जाने के क्रम में मेरा बैग बस में छुट गया था काफी खोजबीन किया परन्तु मेरा उक्त बैग मुझे नहीं मिला मेरे बैग में मेरे जमीन का कागज, जिसका खाता सं. 112 खेसरा सं. 411, 412, 413 रकबा 10.1571 डी0 का मूल कागजात था जो कि उक्त बैग के साथ ही खो गया है। शपथ पत्र सं. 12602, दिनांक 12.10.26

खोया-पाया

मैं, मनोज कुमार सिंह, पिता-श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी-ग्राम-महेशडीह, थाना-नेमदारगंज, जिला-नवादा में अपने पैतृक गाँव महेशडीह छुट्टी पर आया हूँ वहीं पर DGS COC Renewal Sticker मुझे भारतीय डाक द्वारा प्राप्त हुआ था, मैं उस दस्तावेज को ग्राम महेशडीह से नेमदारगंज जाने के क्रम में कहीं गिर गया काफी खोजबीन किया लेकिन मेरा कागज नहीं मिल पाया। INDOS No.-01LL1219, COC.No.-ETO-01452,CDC No.-Mum-92812.

सनहा सं. S.D.E.no-259/26 07/11/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

नाम परिवर्तन

मैं, पुजा देवी, पति-विनय कुमार, निवासी हजारी मुहल्ला, नुन का चौराहा, थाना-खाजेकलां, पो.-झाऊगंज, पटना सिटी, पटना-800008 बिहार शपथ पत्र सं. 6636 दि. 05.11.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे नाबालिग बच्चे सक्षम राज (Saksham Raj) का आधार कार्ड में नाम सक्षम राज (Saksham Raj) दर्ज है। जन्म प्रमाण पत्र में सक्षम राज चौधरी (Saksham Raj Choudhary) दर्ज है। भविष्य में वह सक्षम राज चौधरी (Saksham Raj Choudhary) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

AFFIDAVIT

I, Ranjit Kumar Mishra, S/o Baidy Nath Mishra, R/o Village+P.O.-Chakhabib, P.S.-Bibhutipur, Distt.-Samastipur, Bihar do hereby declare that my name is mentioned in my son Ayush Anand's educational certificate as Ranjit Kumat Mishra which in wrong. As per Aadhar Card my correct name is Ranjit Kumar Mishra.

शपथ पत्र

मैं, अभिषेक, पिता-ईश्वर चन्द्र गुप्ता, निवासी-306, होली गंगा इन्क्लेभ, फेयर फिल्ड कॉलोनी संत पॉल स्कूल, दीघा, पो.+थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार-800012, शपथ पत्र सं.-535 दि. 13.11.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे वर्तमान रिकार्ड एवं कागजातों में मेरा नाम अभिषेक दर्ज है। भविष्य के लिए अपने नाम में टाइटिल गुप्ता जोड़ कर अब अभिषेक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।